# लघु उद्योग ही हैं आत्मनिर्भर भारत की सबसे बड़ी ताकत

लखनऊ, वरिष्ठ संवाददाता। खाद एवं रसद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि आज लघु उद्योग आत्मनिर्भर भारत की सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरा है। हमने टेक्नोलॉजी को सुदृढ़ करके इंस्पेक्टर राज से मुक्ति दिलाने की दिशा में कई कार्य किया है।

राज्यमंत्री शनिवार को राणा प्रताप मार्ग स्थित एक होटल में लघु उद्योग भारती अवध प्रांत के उद्यमी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर प्रान्त संघ चालक कृष्ण मोहन ने कहा कि लघु उद्योग लगाने के लिए प्रदेश के कई जिलों में औद्योगिक क्षेत्र नहीं है। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर एक प्लेटफॉर्म बनाया जाए।

## उद्यमी हुए सम्मानित

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान ने अवध प्रांत के जिलों से आए उद्यमियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रान्त संघ चालक कृष्ण मोहन, अवध प्रान्त के महामंत्री राम प्रकाश गुप्ता, अवध प्रान्त के जिला अध्यक्षों, प्रदेश कोषाध्यक्ष सुधीर कुमार गर्ग मौजूद थे